**खबर संक्षेप**

## किसानों की फसलों का निरक्षण करते जिला अधिकारी



**भुआबिछिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत कृषको को चना एवं मसूर बीज खाद प्रदान किया गया था और किसानों ने विभाग से मिले बीज का प्रयोग करते हुए अच्छे बड़े रकवे में चना मसूर की खेती की जिसका प्रदर्शन विकासखंड बिछिया में किया गया है उसके निरीक्षण एवं प्रदर्शन देखने हेतु जिले के उपसंचालक कृषि अश्वनी झारिया, अरविंद वर्मा, सहायक संचालक कृषि के द्वारा ग्राम पंचायत देई के किसान बालकरण यादव ओर महेंद्र सिंह राजपूत नेवासा के कृषकों के खेतों का अवलोकन किया और किसानों को फसल से संबंधित तकनीकी मार्गदर्शन दिया इसके लिए फसलों का अवलोकन कराने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश कुलस्ते के साथ कृषि विस्तार अधिकारी पार्वती बट्टी, निधि खत्री, ने उपस्थित रहते हुए किसानों द्वारा प्रदर्शन किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

## रविदास जी की 649 वीं जयंती मनाई जायेगी

**निवास।** निवास के नजदीकी ग्राम मेहरा सिवनी स्थित संत रविदास मंदिर में जयंती सह प्रकाशपर्व मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते होंगे। यह जयंती समारोह गुरु रविदास विश्वपीठ के जिलाध्यक्ष चमन लाल चौधरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मंशराम चौधरी के द्वारा किया जा रहा है। सभी क्षेत्रीय गुरु प्रेमियों व सामाजिक बंधुओ से अपील है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

## अधिकारियों की चुप्पी ने बढ़ाया भ्रष्टाचार का हौसला

# पंचायत सचिव पत्नी के नाम लगा रहे बिल

*** नियमों की खुलेआम उड़ाई धज्जियाँ।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला से पंचायतीय राज व्यवस्था पर खुला भ्रष्टाचार करने मामला सामने आया है। यह मामला जिला मुख्यालय अंतर्गत जनपद पंचायत निवास की ग्राम पंचायत भानपुर बिसौरा और सरसवाही पंचायत से जुड़ा हुआ है जहां पदस्थ पंचायत सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया जो वर्षों से पंचायतों में परिवहन के नाम पर फर्जी बिल लगा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कथित भ्रष्टाचार किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि खुद पंचायत सचिव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर, अपनी पत्नी के नाम बिल लगाकर किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी और दस्तावेज़ों की पड़ताल में यह स्पष्ट होता जा रहा है कि सचिव ने न केवल नियमों को दरकिनार किया बल्कि पंचायत राज अधिनियम को ठेंगा दिखाते हुए अपने परिवार को सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाया।

### पत्नी के नाम बिल, पंचायत के खाते से भुगतान

जानकारी के अनुसार सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया ने 2024 से लगातार पंचायत में मटेरियल सप्लाई और वाहन परिवहन जैसे कार्यों के नाम पर कई बिल लगाए। जब इन बिलों की बारीकी से जांच की गई तो सामने आया कि इनमें से कई बिल नर्मदे हर ट्रेवल्स जो ग्राम बिसौरा सहित अन्य पंचायतों में लगाया है। जिनका खाता नंबर 31197843773 है। बताया जा रहा है कि उक्त खाता नंबर उनकी पत्नी के नाम से खाता शो कर रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इन सभी बिलों का पूरा भुगतान पंचायत निधि से किया गया यानी सीधे तौर पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग। नियमों के मुताबिक, कोई भी पंचायत सचिव अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम से न तो सप्लाई कर सकता है और न ही भुगतान करवा सकता है। इसके बावजूद सचिव ने न सिर्फ बिल लगाए, बल्कि वर्षों तक यह खेल चलता रहा और किसी अधिकारी की नजर तक नहीं पड़ी।

### अतिरिक्त प्रभार बना धांधली का अवसर

पूरा मामला उस समय और अधिक संदिग्ध हो गया जब सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया को ग्राम पंचायत भानपुर बिसौरा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। अतिरिक्त प्रभार मिलते ही सचिव ने वाहन परिवहन के नाम से एक और बिल लगाया। बिल में दर्ज नाम संदेहास्पद लगा और परिवार से जुड़ा प्रतीत हुआ। जब स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू हुई और दस्तावेज खंगाले गए, तो यह बिल भी सचिव की पत्नी के नाम का ही निकला। यहीं से पूरे भ्रष्टाचार की परतें खुलनी शुरू हुईं और पंचायत के पुराने रिकॉर्ड खंगालने पर एक के बाद एक कई ऐसे बिल सामने आने लगे, जिनमें सचिव के परिवार को लाभ पहुंचाया गया था।

### एक नहीं कई पंचायतों में फैला भ्रष्टाचार

सूत्रों का दावा है कि सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया ने सिर्फ एक पंचायत को ही नहीं, बल्कि तीन से चार ग्राम पंचायतों को चयनित कर इस खेल को अंजाम दिया। कहीं मटेरियल सप्लाई के नाम पर, तो कहीं वाहन परिवहन के नाम पर लाखों रुपये पंचायतों से निकाले गए। यह भी सामने आया है कि सचिव बीच-बीच में खुद ही ठेकेदार की भूमिका में आ गया और पंचायत में सप्लाई करने लगा। यानी जहां एक ओर वह भुगतान स्वीकृत करने वाला अधिकारी था, वहीं दूसरी ओर लाभ उठाने वाला व्यक्ति भी वही था।

### पंचायत राज अधिनियम की खुली अवहेलना

यह पूरा मामला पंचायत राज अधिनियम और शासन के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। किसी भी शासकीय कर्मचारी द्वारा अपने पद का उपयोग कर अपने परिवार को आर्थिक लाभ पहुंचाना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद सवाल यह है कि वर्षों तक यह धांधली कैसे चलती रही? क्या किसी भी अधिकारी ने कभी पंचायत के बिलों की गंभीरता से जांच नहीं की? या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गईं?

### अधिकारियों की चुप्पी पर उठते सवाल

सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका को लेकर खड़ा होता है। पंचायतों का नियमित ऑडिट, जनपद और जिला स्तर पर निगरानी व्यवस्था होने के बावजूद यह भ्रष्टाचार सामने क्यों नहीं आया, क्या अधिकारियों की लापरवाही ने सचिव को इतना निडर बना दिया कि वह खुलेआम अपने परिवार के नाम से बिल लगाता रहा, या फिर यह मान लिया जाए कि इस पूरे मामले पर किसी न किसी स्तर पर पर्दा डाला गया।

### पद और भ्रष्टाचार पर सवाल

मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि सचिव लक्ष्मण दास पिटानिया वर्तमान में सचिव संघ, निवास ब्लॉक के अध्यक्ष भी हैं। एक ओर जहां संघ का पद कर्मचारियों के हितों और मर्यादा का प्रतीक माना जाता है वहीं दूसरी ओर इस पद पर बैठा व्यक्ति खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरा हुआ है। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या संघ अपने ही अध्यक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा, या फिर संघ का पद एक ढाल बनकर भ्रष्टाचार को बचाने का काम करेगा, जनता के पैसों से निजी लाभ पंचायत का पैसा गांव के विकास, सडक़, पानी, साफ-सफाई और गरीबों के कल्याण के लिए होता है। लेकिन जब यही पैसा सचिव और उसके परिवार की जेब में जाने लगे, तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि ग्रामीणों के हक पर डाका है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कई काम अधूरे पड़े हैं लेकिन कागजों में भुगतान पूरा दिखा दिया गया। अब निगाहें जांच और कार्रवाई पर अब देखना यह बेहद जरूरी होगा कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी क्या कदम उठाते हैं।

### क्या निष्पक्ष जांच होगी?

देखना हो कि क्या सचिव के खिलाफ कार्यवाही होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। यदि प्रशासन ने इस पूरे मामले में सख्ती नहीं दिखाई तो यह आने वाले समय में पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार को और बढ़ावा देगा। मंडला जिले का यह मामला पंचायत व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। जहां एक सचिव अपने पद, प्रभाव और संघ के पद का इस्तेमाल कर वर्षों तक पंचायतों को लूटता रहा, वहीं प्रशासन की चुप्पी ने इस धांधली को और मजबूत किया। अब जरूरत है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि पंचायत व्यवस्था में जनता का विश्वास बना रहे।

### इनका कहना :-

*पूरा मामला आपके माध्यम से संज्ञान में लाया गया है पूरी की जानकारी जनपद सीईओ को दी जाएगी और पूरे दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जाएगी।*

*धनसिंह धुर्वे, पंचायत इस्पेक्टर*

*मैं अपनी पत्नी के नाम से बिल लगा रहा है और मेरी पत्नी के पास ट्रेक्टर है बिलेरो है जिसका मैं उनके कामो का कई वर्षो से बिल लगा रहा है।*

***लक्ष्मण दास पिटानिया, पंचायत सचिव***

*आपसे इस संबंध में सम्पर्क करने की कोशि की गई लेकिन आपका फोन नही उठाया गया।*

***श्रद्धा सोनी, जनपद सीईओ निवास***

## रेत चोरी पर प्रशासन की चुप्पी, कार्रवाई न होने से बढ़े हौसले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बम्हनी बंजर और आसपास के क्षेत्र बरबसपुर, सिलगी, कातामाल, भढ़िया, मुगदरा, हिदेयनगर में इन दिनों रेत चोरी का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। सूत्रों के अनुसार रेत का अवैध उत्खनन कर उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

कार्रवाई न होने के कारण रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और अवैध उत्खनन लगातार जारी है। इससे न केवल शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, लगातार आगाह करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करना सांठगांठ को दर्शाता है। बिना रॉयल्टी के बचते बचाते हुए अंदरूनी रास्तों से तेज रफ्तार भागते इन रेत के वाहनों से रोजाना दुर्घटनाएं भी घट रही हैं। लेकिन प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय सहयोग प्रदान करने में लगा हुआ है, साथ ही शासन के कोष में भी जमकर चूना लगाया जा रहा है।

रेत चोरों को इस प्रकार सहयोग करना किसी दिन बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है।आखिर कब प्रशासन जागेगा या चुपचाप मौन बना हुआ सबकुछ देख रहा है बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है।

यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में रेत माफियाओं का आतंक और बढ़ सकता है। रेत चोरी पर तुरंत रोक लगाई जाए, और नियमित निगरानी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लग सके।

## ग्राम पंचायत देवहार में विधायक निधि से रंगमंच का भूमि पूजन संपन्न



**मण्डला।** कल ग्राम पंचायत देवहार में विधायक निधि से स्वीकृत रंगमंच के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चारों ग्रामों की सामूहिक समस्याएँ विधायक चैन सिंह वरकड़े के समक्ष रखी गईं। जिनमें प्रमुख रूप से अहिरवाड़ा में तालाब निर्माण, देवहार में पानी की समस्या, सुरंगवानी में खेल मैदान की आवश्यकता, देवगांव में ट्रांसमीटर की समस्या, चारों ग्रामों की प्राइमरी स्कूलों की छत की जर्जर स्थिति, मिडिल स्कूल भवन एवं हाई स्कूल देवहार के अधूरे भवन की समस्या, 9300 जनसेवा मित्रों की पुनः बहाली हेतु ध्यान आकर्षित, युवाओं के लिए भर्ती परीक्षा हेतु विधानसभा प्रश्न लगाने के हेतु ध्यान आकर्षण कराया गया। इन सभी विषयों से विधायक जी को अवगत कराते हुए सामूहिक आवेदन भी सौंपा गया। विधायक माननीय चेन सिंह वरकड़े जी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए देवगांव में ट्रांसमीटर की स्वीकृति प्रदान की तथा शेष समस्याओं पर विचार कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक जी का आभार व्यक्त किया गया।

# शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान अमदरा, नारायणगंज में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमदरा एवं कुईवन ग्राम में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में विगत रात राशन की चोरी होने में लोगों में चर्चा का विषय है क्योंकि मेंन रोड में राशन दुकान होने एवं आसपास मकान के होने पर वहां पर राशन की 16 क्विंटल गेहूं 15 क्विंटल चावल एक किंवटल 18 किलो शक्कर की बोरियों की चोरी हो गई मिली जानकारी के अनुसार कि वहां रह रहे कुछ लोगों बता रही है कि करीब 2:00 बजे से 3:00 के बीच रात्रि में चोरी की वरदाता की गई है जिसमें चोरों की संख्या 6 से 10 करीब बताई जा रही है कोई बड़ी गाड़ी ही इतना सारा राशन चोरी करके ले जाया जा सकता है फरवरी माह का राशन दो दिन पहले ही आया था जो कि विगत रात्रि में चोरों ने चोरी करके ले गए जिसकी शिकायत सेल्समेन द्वारा थाना टिकरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान में ताला तोड़कर गेहूं चावल की बोरियां एवं शक्कर की बोरियां उठा कर ले गए गांव के लोगों द्वारा पंचनामा तैयार कर आवेदन किया गया है जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जावे ज्ञात हुआ है कि जिस समय चोरी हुई थी उसे समय बिजली बंद थी इसी का अंधेरा का फायदा या फिर अंधेरा करके फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की वारदात की थाना टिकरिया पुलिस से निवेदन है कि शीघ्र ही चोरों को पकडकर उन पर कड़ी कार्वाई की जावे।

## श्री गांधी मेले का हुआ शुभारंभ



**भुआबिछिया।** मंडला पूज्य महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में, 30 जनवरी से 12 फरवरी तक भरने वाले श्री गांधी मेले का शुभारंभ आज क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम के मुख्य अतिथि में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी की अध्यक्षता में सर्व धर्म पाठ के साथ पूज्य महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजा रोहण कर किया गया ओर 30 जनवरी से 12 फरवरी तक भरने वाले श्री गांधी मेले का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का शाल श्री फल से सम्मान किया गया चारों धर्म के लोगों से उनके धर्म ग्रन्थ का पाठ किया गया कार्यक्रम में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस सारस द्वारा मेले की पृष्ठभूमि की जानकारी दी वही आगंतुक अतिथियों का परिषद के पार्षदों कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर बिछिया स्थित गांधी चौक में भी गांधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर शासकीय एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**रैली** | **एक-एक वोट देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण।**

# ‘माय भारत-माय वोट’ के नारे से गूंजा शहर

*** नगर के युवाओं ने भरी हुंकार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat) के तत्वावधान में आज शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 'माय भारत-माय वोट' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के महत्व से जोड़ा गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक वृहद पदयात्रा रही, जिसका शुभारंभ विद्यालय परिसर से किया गया। प्राचार्य कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में निकाली गई यह रैली कलेक्ट्रेट, बैगा-बैगी चौराहा और बंजर क्लब जैसे प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय में संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान उत्साह से भरे छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित गगनभेदी नारे लगाए और जन-संपर्क कर आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस मुहिम में विद्यालय के NSS (राष्ट्रीय सेवा योजना) और ओजस क्लब के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को यह संदेश दिया कि एक-एक वोट देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में 'मेरा युवा भारत' से रघुनंदन झरिया (लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी), अनुराग राय और निखिल लांझीवार का विशेष योगदान रहा। विद्यालय स्टाफ से एनएसएस प्रभारी प्रवीण अग्रवाल, ओजस क्लब प्रभारी राम ज्योतिषी, संजय धनगर, मोनिका सिंगोर, स्वाति श्रीवास ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। युवाओं की यह सहभागिता न केवल मतदान का प्रतिशत बढ़ाएगी, बल्कि एक जागरूक समाज की नींव भी रखेगी।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स में मंडला जिले के पिट्टू खिलाड़ी ग्वालियर में रहे उपविजेता, जीता सिल्वर मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर, व सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला वंदना गुप्ता, जिला खेल अधिकारी मंगल सिंह पंद्रे, कोच - डी. एस. ठाकुर व अवध कुमार पटेल, पी टी आई के मार्गदर्शन में मंडला जिले के 07 छात्र व 07 छात्रा ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत राज्य स्तरीय पिट्टू क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 28-01-2026 से 31-01-2026 तक ग्वालियर, जिला ग्वालियर में सम्पन्न हुई जिसमें, सिल्वर मेडल जीते, ज्ञात हो कि फाइनल मुकाबला बालक व बालिका दोनों टीमों का जबलपुर संभाग विरुद्ध इन्दौर संभाग के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें जबलपुर की टीम उप विजेता रही व सिल्वर मेडल जीते, जबलपुर संभाग की टीम में मंडला जिले से शास उच्च माध्य विद्यालय सालीवाड़ा विकासखंड नैनपुर में अध्ययनरत छात्र अभिषेक भंवरे, रवि प्रकाश, अनिल भंवरे, सुजल धुर्वे, छात्रा कु रवीना उलाड़ी, कु संध्या यादव, आस्था परते, खुशबू मशकोले, एवं शास. सर्वोदय उच्च. माध्य. विद्या. ककैया में अध्ययनरत छात्रा कु. सृष्टि झारिया, कु श्रेया झारिया, कु रेवती नंदा, छात्र मनीष कुमरे, मनोज भंवरे, व शास उच्च माध्य विद्या घुटास से नरेन्द्र परते आदि सभी छात्र/छात्रा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीते, सभी खिलाड़ी छात्र/छात्रा को सालीवाड़ा प्राचार्य कौशल्या नेटी, ककैया प्राचार्य जयनारायण मिश्रा, कोच विपिन कुजूर, पीटीआई राजकुमार बाबरिया, पीटीआई डीएस ठाकुर, पीटीआई कृपाल दास बैरागी, पीटीआई रामफल गोठरिया, पीटीआई अवध पटेल, जिला खेल प्रशिक्षक डॉ आकाश खत्री, सोना दुबे, ब्लॉक समन्वयक त्रिलोक डोंगरे, शशांक मिश्रा, करूणा मर्सकोले, रामवती परते व शिक्षक रेवाराम मरावी, आई सी साहू, योगेश कुमार पटेल, एस एन शुक्ला, कृष्ण कुमार दुबे, विद्या पटेल, प्रियांशी हरदहा, हंसराम इनवाती, कोमल बघेल, सुरेन्द्र मरावी, संदीप सिंगोर, केहर लाल धुर्वे, उमेश भट्टी, लखन किरचाम, रेखा चौहान, रक्षा बिसेन आदि व खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ी छात्र व छात्रा को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# सांईखेड़ा में प्रतिदिन बन रही जाम की स्थिति, बाजार के दिन होते हालत बेकाबू

## यातायात निमयों को नजरअंदाज कर दौड़ रही डबल ट्रालियों का संचालन बन रहा दुर्घटनाओं कारण






हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा।

इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में जिस प्रकार से तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के चलते आये दिन घटित हो रही घटनाओं के चलते तो लोगों की जान जा रही है जिसमें डबल ट्राली लगातार चलने वाले ट्रेक्टरों की भूमिका अहिम तौर से देखने मिल रही है। यदि डबल ट्रालियां लगाकर चलने वाले ट्रेक्टरों से घटित हुई घटनाओं के बीते हुए वर्षो के ग्राफ पर नजर दौड़ाई जावे तो अनेक लोगों की जाने जा चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कुछ दिनों पहले जिला कलेक्टर द्वारा क्षेत्र का दौरा करते हुये इनके संचालन पर सख्ती से कार्यवाही के आदेश दिये गये थें। वही वह आदेश जहां गायब नजर आ रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद कलेक्टर के अधिनस्थ रहने वाले अधिकारियों के लिये जिला दंड अधिकारी का आदेश क्यों महत्व ही नही रखता है..? क्योंकि जिला कलेक्टर के आदेश का पालन कही होते हुये दिखाई ही नही दे रहा है..। हाल यह बना हुआ है कि मौत का सायरन बजाते हुये सड़को के साथ साथ नगर के अंदर डबल ट्रालियों के साथ ट्रेक्टर धड़ल्ले से दौड़ते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को पता नही इन डबल ट्रालियों का संचालन करने वाले लोगों से इतनी हम दर्दी क्यों बनी होती है जिसके चलते आये दिन इन वाहनों से घटित होने वाली घटनाओं की नजर अंदाज करते हुये इन्हे छूट प्रदान की जा रही है। निश्चित तौर से यह सच्चाई चिंता जनक बनने से नही चूक पा रही है..? इस प्रकार से नगर के पुलिस थाने के ठीक सामने से प्रतिदिन सैकड़ा की संख्या में निकल रहे डबल ट्राली के ट्रेक्टरों को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि शायद प्रशासन को आम जनता की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया है। क्योंकि बाहर से आये हुए लोगों द्वारा इस समय जिस प्रकार से नियम विरूद्व एक ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाते हुए संचालन किया जा रहा है उनके प्रति अधिकारियों की हम दर्दी जहां चर्चा का विषय बनी हुई है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नियमों को दर किनार करते हुए इस प्रकार से डबल ट्राली के ट्रेक्टरों का संचालन करने वाले लोगों को अभयदान प्रदान किया जा रहा है उससे यह जान पड़ने लगा है शायद यह सब लक्ष्मी जी का ही कमाल है जिसके चलते प्रशासन द्वारा यातायात के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है? क्योंकि यातायात नियम के अनुसार किसी भी ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर चलना जहां नियम विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से नियम विरूद्व दौड़ने वाली ट्रेक्टर ट्राली आम बात हो चुकी है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो यहां पर प्रति सप्ताह लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है? क्योंकि यहां से निकले हुये स्टेट हाइवे 44 साईंखेड़ा सिलवानी-गाडरवारा मार्ग बनने के बाद जहां वाहनों की आवाजाही में इजाफा हुआ है। वही दूसरी ओर इस मार्ग यानि की नगर के मुख्य बाजार से बडे बड़े वाहनों के आलवा एक ट्रेक्टर मां डबल ट्राली लगाकर निकलने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर स्कूली बच्चों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में नजर आ रही है। क्योंकि साईंखेड़ा में प्रति बुधवार को लगने बाले साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यहां पर जहां बड़े वाहनों के निकलने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है तथा यह डबल ट्राली लगे हुए ट्रेक्टर भी आग में घी का काम करते हुए जान पड़ते है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे दुकान लगाने वाले के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी बना हुआ है। देखा जा रहा है कि वर्तमान में क्षेत्र की शुगर मिलों को जाने बाली गन्ना से भरे हुए डबल ट्राली के ट्रेक्टरों के आलवा क्षेत्र की रेत खदान से रेत ले जाने बाले डम्फरों की आवाजाही से दिन भर यहां पर वाहनों की भरमार रहती है जिसके चलते मुख्य बाजार में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वही लोगों की जान के लिए खतरा भी बन रहा है। वही दूसरी ओर इस सच्चाई को लेकर आमजन का कहना है कि जब तक मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक हाट बाजार लगेगा यह समस्या खत्म होने बाली नही है और इसको लेकर शासन प्रशासन से अनेकों बार गुहार लगाते हुए मांग की जा चुकी है कि साप्ताहिक बाजार के दिन यहां पर भारी वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से यह महसूस होने लगा है कि शायद प्रशासन किसी बड़ी घटना का अंतजार कर रहा है? अनेको बार तो यह देखा जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस से लेकर पुलिस विभाग के वाहन भी यहां के जाम में फंसकर काफी समय तक खड़े रहते है। इस सच्चाई को देखते हुए अब सबाल यह उठता है कि यदि इसी तरह आवश्यक सेवाओं वाले वाहन जाम में फंसे रहे तो किसी दिन कोई गंभीर घटना घटित होती है तो वहां पर क्या हाल होगा? नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते शासन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से किसी भी कोई बड़ी घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन ही होगा?

## खबर संक्षेप

### पचामा में आयोजित हुआ कैरियर मेला



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम पचामा के शासकीय हाई स्कूल में कैरियर मेला सप्ताह के अंतर्गत तृतीय दिवस में उप थाना प्रभारी सालीचौका एएसआई वर्षा धाकड़ के द्वारा छात्र छात्राओं को मार्ग दर्शन देते हुये अपराधिक गतिविधियों से बचाव के लिये पुलिस की मदद के लिये जागरूक किया गया। वही बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने कहा कि विषय के चुनाव, समय का सदुपयोग, मोबाइल का सदुपयोग एवं अपनी इच्छा के आधार पर संकल्प लें और उसे पूरा करने में अपनी ताकत लगा दे तो सफल होना तय है। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश गुप्ता द्वारा भी छात्रों को 12वीं कक्षा के बाद की पढ़ाई करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम मे नवीन माध्यमिक शाला पचामा से उमा वर्मा एवं हाई स्कूल पचामा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कठोतिया में हुआ तेजस्वी प्रदर्शनी मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम कठौतिया शास. उ. मा.विद्यालय में तेजस्वी प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में ग्राम के गणमान्य नागरिक, स्थानीय व्यवसायी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम के चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। वही आयोजित तेजस्वी मेले में कक्षा 11वीं के छात्रों ने विभिन्न प्रोडक्ट्स एवं आइडियाज को प्रस्तुत किया गया। वही दूसरी ओर कक्षा 9वीं के छात्रों ने समस्या एवं समस्या समाधान पर प्रस्तुतीकरण दिया। तेजस्वी कार्यक्रम के द्वारा छात्रों में उद्यमशीलता की मानसिकता व कौशलों के विकास करने की सरकार की पहल को प्रदर्शनी द्वारा छात्रों ने सफल बनाया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अपने स्वार्थो को पूर्ण करने के लिये पेड़ो को किया जा रहा बदहाल

गाडरवारा। शहर की सड़कों के किनारे और व्यस्ततम माने जाने वाले इलाको में विभिन्न संस्थाओं ने पूर्व वर्षो में जो वृक्ष लगवाये थे वे भले छाया देने की स्थिति में आ गए है, किन्तु प्रशासन की अनदेखी से इन वृक्षो को प्रचार प्रसार का माध्यम बनाने का सिलसिला चल रहा है। बताया जाता है कि शहर की सड़कों के किनारे सीना तान खड़े वृक्षो पर कीलें ठोंककर बड़े पोस्टर, बैनर, प्लेक्स लगाकर वृक्षो को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हरेभरे वृक्षो का उपयोग विज्ञापन वोर्डो के रूप में करने का विरोध करते हए शहरवासियो का कहना है कि भारतीय संस्कृति में वृक्षो को देवता माना गया है, वृक्ष सजीव होते है, उन पर कीलें, ठोंकना, व्यापारिक स्वार्थ के लिए उनका उपयोग करना उचित नहीं है। वृक्षों पर पोस्टर, बैनर लगाने से शहर का सौंदर्यीकरण जहां प्रभावित होता है, वही बारिश के दिनों में आँधी, पानी से भी वृक्षो में लगे बड़े बड़े पोस्टर, बैनर दुर्घटनाओं का सबब भी बन सकतें है तथा स्कूली बच्चो के लिए भी ये खतरनाक साबित हों सकतें है? शहरवासियो ने नपा. से गुहार लगायी है कि जनहित में नगर के वृक्षो में लगे बैनर, पोस्टर हटवाये जाए, साथ ही मनचाहे ढंग से कही भी होर्डिग्ज लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### भौरझिर में यात्री प्रतिक्षालय की मांग

खुलरी। एक ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पंचायतों द्वारा अनेक निर्माण कार्य कराने का ढ़िडोरा पीटा जाता है, ओर अनेक ग्रामों में देखा जाता है कि पंचायतों व जनप्रतिनियों द्वारा लाखों रूपया खर्च कर ऐसे निर्माण कार्य करा दिया जाते है ।

## वोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये जिला दंड अधिकारी द्वारा ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन होने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आने वाले वोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के जुटे हुये विद्यार्थियों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, किसी भी निजी या सार्वजनिक



कार्यक्रम में लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड-बाजा अथवा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, निर्धारित मानकों के अंतर्गत, ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि से अधिकतम 10 डेसीबल (लगभग 1/4 वॉल्यूम) तक ही उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। इसके लिए सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को उनके-अपने अनुविभाग में विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत हेड कांस्टेबल से कम पद का नहीं कोई भी पुलिस अधिकारी, आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित ध्वनि विस्तारक यंत्र को अभिग्रहीत (जप्त) कर सकेगा तथा नियमानुसार कार्रवाई करेगा। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि वर्तमान में स्कूल एवं कॉलेजों की परीक्षाएं निकट हैं और तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु शांत वातावरण सुनिश्चित करना लोकहित में आवश्यक है, इसी उद्देश्य से जिले में यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस तरह जिला कलेक्टर द्वारा तो आदेश जारी कर दिया गया है। मगर अब देखना यह होगा कि इस आदेश का पालन होता है कि पूर्व के आदेश की तरह मात्र अखबारों की सुर्खियो तक सीमित होकर रह जावेगा। क्योंकि इसी प्रकार से बीते हुये माह क्षेत्र की सड़को पर दौड़न वाले एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों के संचालन को लेकर भी आदेश जारी किया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुये देखा गया। इसकी सच्चाई यह है कि क्षेत्र की सड़को पर आज भी धडल्ले से डबल ट्रालिया खुलेआम मौत का सायरन बजाते हुये देखी जा सकती है...?

# स्टेशन क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर घंटों तक खड़े रहने वाले आटो चालकों की मनमानी को जिम्मेदारों द्वारा नजरअंदाज करना पड़ रहा भारी...




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस समय नगर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवसथा को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाना परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है। हाल यह बना हुआ है कि नगर का हर व्यक्ति परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रमुख रूप से इस समय नगर के चलने वाले आटों चालकों द्वारा जिस प्रकार से अपनी मनमानी पर उतारू होते हुये आटों चलाये जा रहे उसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि नगर की सड़को पर आटों चालकों द्वारा चलते चलते मुख्य मार्गो पर ही अचानक बीच रास्ते पर ही आटों रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति के चलते जब उनके पीछे कोई दो पाहिया वाहन चालक या फिर अन्य कोई वाहन चल रहा होता है तो अचानक आटों को रोके जाने के कारण आटों से टकराने से नही चूकता है और यही हाल आटों मोड़ने के समय देखा जाता है जो चलते चलते अचानक अपने आटों को मोड़ने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। कुछ इसी तरह का हाल रात के समय देखने मिलता है। क्योंकि आटों चालको द्वारा अपने आटों के ऊपरी भाग पर लगाये गये सफेद एलईडी लाईन सामने से आने वाले वाहन चालक को परेशानी में डालते हुये दुर्घटना का प्रमुख कारण बनने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर नगर के रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लगी हुई चाय नास्ता दुकानों के सामने यह आटों चालक मुख्य मार्ग पर घंटो तक अपने आटों को खड़ा करते हुये चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है जिसके चलते स्टेशन की ओर आने जाने वाले रेलयात्रियों के साथ साथ आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह स्टेशन क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों से सबसे अधिक परेशानी व खतरा उन लोगों को पैदा हो रहा है जो अपनी बाइक के माध्यम से शीघ्रता के साथ किसी ट्रेन को पकड़ने जा रहे होते है। बताया जता है कि यह आटों चालक ट्रेन से उतरने वाली सबारियों को बैठाने के बाद मुख्य मार्ग किनारे लगी हुई चाय पान दुकानों के सामने जिस तरह आटों खड़े करते हुये अन्य दूसरी सबारियों के इंतजार में घंटो तक जाम की स्थिति बनाने से नही चूकते है। इस हालत इस मार्ग से अन्य वाहन चालको का निलना मश्किल हो जाता है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो बाइक चालकों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है। सबसे अधिक परेशानी तो उन लोगों को होती है जो किसी ट्रेन का समय होने के दौरान ट्रेन को पकड़ना होता है तो वह इन आटों की भीड़ में फसकर अपनी ट्रेन चलने से नही बच पाता है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर की यातायात व्यवस्था की सच्चाई पर गौर किया जावे तो की स्टैट बैंक के सामने मुख्य मार्ग पर दिन भर वाहन खड़े रहने के कारण यहां पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके चलते आमजन के आलवा स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं को भी परेशान होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर नगर में अनेक प्रभाव शालियों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है जिसके चलते उनके द्वारा इस प्रकार से अघोषित रूप से किये जाने वाला अतिक्रमण यातायात व्यवस्था में बाधक बनने से नही चूक पा रहा है? इस प्रकार यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय आटो चालकों की मनमानी सहित प्रभावशाली लोगों की हिटलर शाही के चलते नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है जो जिसको पटरी पर लाना निश्चित ही पुलिस के लिये एक चुनौती के समान साबित होने से इसलिये नही चूक पा रहा है । क्योंकि जब भी पुलिस कोई कार्यवाही करने का प्रयास करती है तो कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद इस तरह मनमानी करने वालों को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रभावशाली या फिर राजनेताओं के फोन आना शुरू हो जाते है।

# मंत्री सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजन से मुलाकात करते हुये सुनी परेशानियाँ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह ने कल शनिवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करते हुये आमजनों की समस्याएं सुनी ओर उनका निराकरण किया गया। शनिवार को केबिनेट मंत्री ने गाडरवारा क्षेत्र के भ्रमण दौरान गरधा तिराहा दुबे कृषि फॉर्म के सामने आनंद दुबे के नवनिर्मित पेट्रोल पंप का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत वह सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप में क्षेत्रीय गणमान्य जनो से सौजन्य मुलाकात की गई। वही समीपस्थ ग्राम कामती में सिद्धार्थ कौरव के निवास पर पहुँचकर सौजन्य भेंट की गई। इसके बाद वह शिव मंदिर पोड़ार तिराहा में संत रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में में मुख्य अतिथि के यप में शामिल हुए । वही ग्राम खैरूआ में शिवकुमार मामुलिया के निवास पर व ग्राम बारछी में चंद्रेश पटेल के निवास पर पहुंचे। इसके बाद ग्राम बैरागढ़ में शासकीय प्राथमिक शाला गतिविधि हॉल का भूमि पूजन किया एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए । वही संगठन को मजबूती प्रदान करने व पार्टी की अन्य गतिवाधियों को संचालित करने के लिये ग्राम झामर में कार्यकर्त्ता बैठक में शामिल हुये और पार्टी के मुलाकात व विकास कार्यो की समीक्षा की गई। ग्राम बैरागढ़ के लोगो ने कब्रिस्तान की बाउंड्री की मांग की गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन के आलवा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, राजेश गुर्जर, नरेश कौरव, सुरेश मामोरिया, पंडित अशोक भार्गव, ठाकुर रणजीत सिंह राजपूत, हर्ष पाठक सहित सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## शहर के बीटीआई स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था पीएम श्री विद्यालय बीटीआई स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री गीता वाल्मीकि सिवनी जिले मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौजूद रही। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुनीता पटेल प्राचार्य पीएम श्री स्कूल बीटीआई ने की गई। कार्यक्रम मे विक्रम शर्मा व्यायाम शिक्षक के.एन.वी. द्वारा खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया जिनमें प्रमुख रूप से व्हाली बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 12वीं साइंस ने प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान कक्षा 12वीं कॉमर्स ने प्राप्त किया। इसी प्रकार से कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 12वीं कॉमर्स एवं द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं कॉमर्स ने प्राप्त किया। वार्षिक उत्सव के दौरान 100 मीटर की दौड़ भी कराई गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक जाटव कक्षा 8 वी, तनिष्क विश्वकर्मा कक्षा 9वी के आलवा मोहित जाटव, मोहित अहिरवार, सतीश कुमार मल्लाह कक्षा 12वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी दौरान छात्रों ने चम्मच दौड़ में भी हिस्सा लिया इन प्रतियोगिताओं में मल खम्ब प्रतियोगिता भी कराई गई साथ ही कुर्सी दौड़ भी कराई जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राजेश दुबे, पुष्पा बरहैया, शिल्पी गुप्ता, सुलेखा गुप्ता,मलखान मेहरा, के. के. राजोरिया, सरिता मालवीय, सुषमा तिवारी, मनमोहन शर्मा, शकुन्तला माझी, किरण अग्रवाल, सुनीता शर्मा, सरिता कटारे, गीता राय, विजय श्री राय, रोहित बाल्मीकि, केबी कौरव, विवेक दीक्षित, अवधेश श्रीवास्तव, साधना कुशवाहा, सतीश परिहार, सूर्यकांत उदेनिया सहित अन्य शिक्षकों मौजूदगी रही। वही कार्यक्रम के अंत में पुरुस्कार वितरण किए गये तथा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये।



# जनशिक्षा केंद्रों में शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

शनिवार को राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में शैक्षिक संवाद का आयोजन चीचली तथा साईखेड़ा विकास खंड के सभी जन शिक्षा केन्द्रों में आयोजित किये गये। बताया जाता है कि इन संवाद कार्यक्रमों मे कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता दी गई। वही संवाद मे बताया गया कि प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने की प्रक्रिया स्वाभाविक और सहज होती है। इस अवस्था में बच्चे प्रश्न पूछकर, कहानियाँ सुनकर, कविताएँ गुन गुनाकर तथा अपने अनुभव साझा करके भाषा को आत्मसात करते हैं। वही हिंदी विषय के शैक्षिक संवाद में शिक्षक और विद्यार्थी के बीच निरंतर बातचीत होती है। जिससे बच्चों में श्रवण, वाचन, लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। वही ग्राम चिरहकला में जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन स्कूल के शैक्षिक संवाद में जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, राजेंद्र गुप्ता एवं संजय अवस्थी ने कहा कि शैक्षिक संवाद के माध्यम से नैतिक मूल्यों पर चर्चा करने का अवसर मिलता है। आयोजित संवाद में बताया गया कि शैक्षिक संवाद से शिक्षकों में नेतृत्व गुणों में निखार एवं विषयगत कठिनाइयों का समाधान प्राप्त होता है। शैक्षिक संवाद में प्राप्त तकनीक का उपयोग शिक्षण कक्ष में परिलक्षित हो सभी शिक्षक



ऐसा प्रयास करें। चीचली में शैक्षिक संवाद के प्रभारी सत्यम ताम्रकार तथा सहजकर्ता मन्नालाल पटले, गिरीश ताम्रकार, दीपक मेहरा, माध्यमिक विभाग के सहजकर्ता लेखराम गौतम, तखतस हि विश्वकर्मा द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क, प्रतिभागियों की अपेक्षाएं, संवाद के उद्देश्य एवं डिजाइन, शिक्षक संदर्शीका के उपयोग पर चर्चा, कक्षा प्रबंधन, सक्रिय सहभागिता, पोस्ट वर्क तथा फीडबैक पर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, कठौतिया, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालेचौका, बारहाबड़ा, कठौतिया तथा साईखेड़ा विकासखंड के आमगांव छोटा, शासकीय आदर्श स्कूल गाडरवारा सहित बम्होरीकला, पलोहा बड़ा, बनवारी, जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन डाइट नरसिंहपुर से प्रशिक्षित जनशिक्षकों तथा सहजकर्ताओं द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर ने महात्मा गांधी जी की 77वीं पुण्यतिथि मनाई



**अमरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा महात्मा गांधी जी की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर 77वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने गांधी जी की विचारधारा को देश की उन्नति और उत्थान का सूचक बताते हुए गांधी जी के बताए मार्ग पर चल कर कैसे देश ने अहिंसा के रास्ते देश को कैसे स्वतंत्र कराया इस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।
आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तोक सिंह मरावी, ब्लॉक संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटले, बोधघुण्डी पूर्व सरपंच सुखदेव सिंह कुशराम, हीरा लाल विश्वकर्मा, प्रसाद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### आकांक्षी विकासखंड करंजिया में पोस्टर विमोचन के साथ संपूर्णता अभियान 2.0 की शुरुआत



**डिंडौरी।**आकांक्षी विकासखंड करंजिया, जिला डिंडौरी में नीति आयोग द्वारा संचालित "संपूर्णता अभियान 2.0" का भव्य शुरुआत दिनांक 31 जनवरी 2026 को जनपद सभागार, डिंडौरी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अभियान आकांक्षी विकासखंड करंजिया के सर्वांगीण विकास को गति देने हेतु प्रारंभ किया गया है।डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, कशिश नायक, महिला बाल परियोजना करंजिया श्रीमती शशि सांडया, ब्लॉक समन्वयक महफूज़ खान, सहायक कृषि विस्तार अधिकारी अजय भार्गव, सहायक विकास अधिकारी लवकेश सिंह ठाकुर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी डॉ. राजीव सिंह, चिकित्सा विभाग से डॉ मंजीत रावत, सीएसओ, एएनएम, आशाकार्यकर्ता, खंड पंचायत अधिकारी इग्नेश लाकड़ा, पंचायत समन्वय अधिकारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कमलेश्वर धुर्वे, 42 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, मोबाइलजर, संपूर्णता अभियान 2.0 का पोस्टर विमोचन कर कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी नीति आयोग से श्री हरीश विश्वकर्मा विकासखंड से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे ने आकांक्षी विकासखंड के उपस्थित सभी अधिकारियों को शपथ पढ़कर शपथ दिलाई उसके उपरांत वर्तमान स्थिति, संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (Indicators) तथा उन्हें शत-प्रतिशत संतृप्ति तक पहुँचाने हेतु तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना की प्रस्तुति दी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय, एवं पंचायतों को निर्देशित किया कि स्वच्छता हेतु आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों के शौचालय मरम्मत एवं पेयजल हेतु निर्देशित किया साथ ही फील्ड स्तर पर सक्रियता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे ने संबोधन में संपूर्णता अभियान 2.0 को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे समय-सीमा के भीतर प्रभावी रूप से पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने पोषण सेवाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्धता, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, तथा बालिकाओं के लिए फंक्शनल टॉयलेट की स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छता साथी के माध्यम से नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिएसाथ ही 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।डिप्टी कलेक्टर द्वारा अभियान की नियमित, पारदर्शी एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु ABP Fellow एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में सभी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।

### चार विद्यालयों के 250 विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

# नर्मदा किनारे नगर वन में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम



**डिंडोरी।** स्कूली विद्यार्थियों में वन,पर्यावरण और वन्य प्राणियों के विषय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र डिंडोरी अंतर्गत जोगी टिकरिया में नर्मदा किनारे सन 1978 में स्थापित नर्सरी में दो दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। हालांकि अब इस परिसर को नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है।वन मंडल अधिकारी सामान्य अशोक सोलंकी के निर्देशन में गुरूवार और शुक्रवार को आयोजित अनुभूति कार्यक्रम मे विधायक डिंडोरी ओमकार मरकाम,जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, जिला पंचायत सदस्य हीरा रुदेश परस्ते, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, उपवन मंडल अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात प्रभारी सुभाष उइके, प्रषिक्षु रेंजर शशि प्रकाश पांडे, डिप्टी रेंजर ईश्वर सिंह परस्ते सहित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, कस्तूरबा कन्या शाला, पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी और हाई स्कूल मुड़की के 250 विद्यार्थियों सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व करते हुए वर्ष 1978 में जोगी टिकरिया में स्थापित नर्सरी की सैर कराई और छात्रों को मकड़जाल, दीमक की बामी, सूखे कटे हुए ठूठ की उपयोगिता, पक्षियों व कीटों का महत्व, जैव विविधता व पारिस्थिति तंत्र की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही जंगल में बरगद, पीपल, नीम, आम, जामुन, इमली आदि पौधों से मिलने वाली आक्सीजन की मात्रा के साथ जल प्रबंधन की तकनीकी पद्वतियों से भी बच्चों को अवगत कराया। इस दौरान वन अमले ने नर्सरी को वर्तमान में नगर वन के रूप में विकसित करने की जानकारी भी दी। नगर वन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों ने नर्सरी में स्थापित पेड़ों की प्रजातियों को पहचानने के तरीके, पक्षियों व जानवरों की आवाज निकालकर, उनकी पहचान करना भी सीखा। कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी गई जानकारी की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के दौरान वन अमले ने प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग के नुकसान की जानकारी देकर कपड़े की थैली और पोटरी बनाने की तरकीब भी छात्रों को सरल अंदाज में सिखाई। अनुभूति कार्यक्रम मे शामिल विद्यार्थियों को वन विभाग द्वारा कैप, पुस्तक, पेन, बैग प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत मे रेंजर अतुल सिंह ने विद्यार्थियों को वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने लिया हिस्सा

डिंडोरी



सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा शासकीय आदर्श महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यातायात थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं में कुल 50 विद्यार्थियों ने चित्रकला, 30 ने ड्राइंग, 15 ने रंगोली तथा 5 विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में सहभागिता की।चित्रकला प्रतियोगिता में दीपक टेकाम ने प्रथम, विधि उईके ने द्वितीय तथा लक्ष्मी पूषाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में आरती साहू प्रथम, राखी पट्टा द्वितीय एवं अभिलाषा खंपरिया तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में रितिका भट्ट ने प्रथम तथा अभिलाषा खंपरिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में अंजली धार्वे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात निरीक्षक ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को स्वयं यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करनी चाहिए तथा अपने माता-पिता, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने नशे से दूर रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।कार्यक्रम में सूबेदार अभिनव राय, यातायात पुलिस स्टाफ तथा महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार डिंडौरी में जल जीवन मिशन अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फरवरी माह तक पूर्ण किए जाने हेतु लक्षित 80 नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जनवरी 2026 में निर्धारित 80 ग्रामों के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 34 योजनाएँ (43 प्रतिशत) पूर्ण किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शेष 126 अपूर्ण नल-जल योजनाओं को फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में जल स्त्रोत के अभाव के कारण कार्य लंबित हैं, वहाँ शीघ्र नलकूप खनन कराया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति के अभाव वाले ग्रामों में शीघ्र विद्युतीकरण कराकर योजनाएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके।मेसर्स आर.के. गुप्ता का अनुबंध निरस्त किए जाने के बाद संबंधित ग्रामों में शीघ्र पुनः अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अफजल अमानुल्लाह सहित समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

### 204 विद्यार्थियों को मिला सुरक्षित व आधुनिक अध्ययन वातावरण

# शहपुरा में नवीन स्कूल भवन का शुभारंभ



**शहपुरा।** शहपुरा तहसील मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा के नव निर्मित भवन का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। लंबे समय से प्रतीक्षित इस भवन के शुरू होने से विद्यालय में अध्ययनरत 204 छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है।विद्यालय परिसर में निर्मित चार अतिरिक्त कक्षों एवं तीन प्रयोगशाला कक्षों का लोकार्पण स्थानीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के करकमलों से प्रातः लगभग 11 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण हेतु शासन द्वारा 1 करोड़ 23 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराए गए इस निर्माण कार्य की एजेंसी मेसर्स माँ नर्मदा बिल्डिंग सप्लायर्स रही। भवन का निर्माण कार्य पूर्व में ही पूर्ण हो चुका था, किंतु विभिन्न औपचारिकताओं एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों के अभाव में इसका उपयोग प्रारंभ नहीं हो सका था।निर्माण के दौरान पुरानी बाउंड्री वॉल को हटाया गया था। सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण न होने के कारण भी भवन संचालन में विलंब हुआ। इस बीच विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत 204 छात्र-छात्राएं पुराने और जर्जर भवन में पढ़ाई करने को विवश थे। विशेषकर वर्षा ऋतु में भवन की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई थी।

नवीन भवन के लोकार्पण के पश्चात अब विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। विज्ञान विषय से संबंधित प्रयोगशालाओं के प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अध्ययन में सुविधा मिलेगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की संभावना है।विद्यालय भवन के शुरू होने पर अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित अध्ययन वातावरण प्राप्त होगा। नए भवन के संचालन से छात्रों एवं शिक्षकों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# डिंडोरी में मध्य निषेध संकल्प दिवस, नशा मुक्ति को लेकर चला व्यापक जनजागरूकता अभियान



**डिंडोरी।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिले में मध्य निषेध संकल्प दिवस जागरूकता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में दिव्या ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र, डिंडोरी की ओर से जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा नशा मुक्त समाज की दिशा में सामूहिक संकल्प को मजबूत करना रहा।

इस अवसर पर शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र की टीम ने हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडा एवं हाई स्कूल घानाघाट सहित विभिन्न विद्यालयों में पहुँचकर नशा उन्मूलन विषय पर रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, नाटक, स्किट, चित्रकला एवं जागरूकता रैली जैसी गतिविधियाँ आयोजित कीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर अपने विचार व्यक्त किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में समनापुर स्थित दिशा पेसिफिक स्कूल में भी नशा मुक्ति को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ नुक्कड़ नाटक, नृत्य प्रस्तुति, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और उपस्थित नागरिकों को नशा त्यागने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालयी कार्यक्रमों के साथ-साथ शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र की टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भी जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सार्वजनिक वाहनों पर नशा मुक्ति संबंधी स्टिकर लगाए गए, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया तथा शाम को कैंडल मार्च निकालकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया गया। विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया।डिंडोरी स्थित आशा प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित संगोष्ठी में आशा कार्यकर्ताओं को नशे की पहचान, व्यसनी व्यक्तियों के व्यवहारिक लक्षण, परामर्श एवं उपचार की प्रक्रिया तथा नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि वे ग्राम स्तर पर नशे से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार के लिए शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र तक पहुँचाने में किस प्रकार सहयोग कर सकती हैं।कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के श्याम सिंगौर, राहुल शर्मा एवं समनापुर परियोजना के स्वप्निल पूरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दिव्या ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर एवं शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र की ओर से शिवा पॉल, काउंसलर रितु सेन, देवराज कछवाहा, बच्चू नाथ चौहान, अजय ठाकुर, संदीप बिझिया सहित संपूर्ण स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, स्थानीय नागरिक एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता से यह आयोजन जिले में नशा मुक्ति की दिशा में एक प्रभावी सामाजिक पहल के रूप में सामने आया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशा त्यागने के लिए प्रेरित करेंगे।

# ग्रामीण महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का प्रशिक्षण, आत्म निर्भरता की दिशा में पहल



**डिंडोरी।** डिंडोरी जिले में उद्योगिनी संस्था, बजाग के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) डिंडोरी में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 16 गांवों से उद्योगिनी संस्था से जुड़ी 53 ग्रामीण महिलाओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जैविक खाद निर्माण की वैज्ञानिक तकनीकों से परिचित कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना रहा। प्रशिक्षण का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र, डिंडोरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.के. देशमुख के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रेनू पाठक (एसटीओ), अवधेश कुमार पटेल (एसटीए) एवं श्वेता मशराम (एसटीए) द्वारा महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक कच्चे माल का चयन, केंचुओं के रख-रखाव, खाद तैयार करने की विधि एवं इसके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही जैविक खेती के लाभ, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय तथा कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की गईं। प्रशिक्षण को महिलाओं ने उपयोगी बताते हुए अपने-अपने गांवों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।उद्योगिनी संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई विस्तृत समीक्षा



डिंडौरी

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री श्याम सिंगौर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. ममता दीवान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. जयश्री मरावी सहित जिला एवं विकासखण्ड स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बी.पी.एम., बीईई एवं बी.सी.एम. भी शामिल हुए।
बैठक के दौरान विभागीय कार्यक्रमों की 01 अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें एएनसी पंजीयन, सीवियर एनीमिया, पीआईएच प्रबंधन, टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केन्द्र, परिवार कल्याण, आयुष्मान कार्ड, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, सिकल सेल एनीमिया, सुगढ टूरी अभियान तथा टी.बी. कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिन कार्यक्रमों में उपलब्धि अपेक्षाकृत कम पाई गई, उनमें सुधार लाने हेतु संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर समस्त ब्लॉक मेडिकल अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए।



# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का समापन

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की विशेष शिविर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बाल संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा आदि जनजागरुकता कार्यक्रमों के साथ रैली का आयोजन कर समापन किया गया। इस अवसर रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर एवं सभी उपस्थित वक्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए भविष्य की योजनाओं एवं लक्ष्य को प्राप्त कर विकसित भारत बनाने की संकल्प लिया गया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवक इस शिविर से प्राप्त अनुभवों को साझा करने को कहा गया हैं। अंत में सभी रासेयो स्वयं सेवकों को प्रशस्ति प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। रासेयो विशेष शिविर दलनायक कृतिका बर्मन एवं मनीषा मलगाम ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ.निगहत खान, डॉ. निधि सिंह, हुस्नआरा अंसारी, कैलाश प्रसाद लखेरा, दीपचंद गुप्ता, डॉ. अनिल कुशराम, प्रदीप कुमार कहार, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे सहित रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# हलहल धारा में श्रीमद भागवत कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का धार्मिक आयोजन



**शहपुरा-** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम कस्तूरी देवरी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हलहल धारा में श्रीमद भागवत पुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ है, जिसका समापन 31 जनवरी 2026 को पूर्णाहुति एवं हवन पूजन के साथ किया जाएगा।कार्यक्रम में श्रीमद भागवत कथा का वाचन विद्वान कथावाचक पंडित सुरेश कुमार दुबे शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं धर्म के महत्व का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है।

गुरुवार को आयोजित कथा में रुक्मणी विवाह, रुक्मणी हरण एवं स्यमंतक मणि प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं शुक्रवार को कथा में सुदामा चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया।इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। आयोजन समिति से जुड़े राजेश कुमार दुबे, भजन सिंह, मसराम, जगदीश भवेदी, सम्हर सिंह उईके, महंत रविगिरी, राजू बरमैया, नरेश बरमैया, सुरेश बरमैया सहित समस्त ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा रूपी अमृत का लाभ लेने की अपील की है।

### नवोदय विद्यालय धमनगांव में आस्था गौतम का चयन



शहपुरा - डिंडौरी जिले के शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगांव की होनहार छात्रा आस्था गौतम का नवोदय विद्यालय धमनगांव में कक्षा छठवीं के लिए वेटिंग सूची में चयन हुआ है। आस्था की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आस्था गौतम सेवानिवृत्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद गौतम एवं श्रीमती माया देवी गौतम की नातिन तथा पत्रकार आशीष कुमार गौतम एवं सुष्मा गौतम की सुपुत्री हैं। आस्था ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आस्था के चयन पर उनके चाचा मनीष कुमार गौतम, चाची सीमा गौतम, संस्कार स्कूल शहपुरा के संस्था प्रमुख अविनाश लाला झारिया सहित सभी परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### ग्राम हीरापुर को मिला आधुनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

# दवाइयों की कीमतों में ऐतिहासिक राहतः मंत्री श्री पटेल



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। केंद्र सरकार द्वारा दवाइयों की कीमतों में की गई ऐतिहासिक कटौती से आमजन को बड़ी राहत मिली है। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विकासखंड नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत हीरापुर में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लोकार्पण अवसर पर कही। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अब बुखार जैसी सामान्य बीमारी के लिए जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। गांव स्तर पर ही ब्लड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी और आवश्यक दवाइयां भी यहीं मिलेंगी। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ब्रांडेड दवाइयों पर मनमाने दामों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया है। जो दवाइयाँ पहले एक माह में 8दृ8 हजार रुपये तक पड़ती थीं, वे अब मात्र 1400 से 1600 रुपये में उपलब्ध हो रही हैं। इससे विशेष रूप से बुजुर्ग नागरिकों को बड़ा लाभ मिल रहा है, जिन्हें जीवनभर नियमित दवाइयों की आवश्यकता होती है।

### स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण

मंत्री श्री पटेल ने ग्राम हीरापुर में 164.92 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना तथा बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, सीएमएचओ डॉ. मनीष मिश्रा, बीएमओ डॉ. ऋचा मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारक नागरिक सूचीबद्ध अस्पतालों में बड़े ऑपरेशन सहित गंभीर उपचार निःशुल्क करा सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आयुष्मान कार्ड किसी अस्पताल में जमा न करें और आवश्यकता पड़ने पर सीधे मान्य अस्पताल में संपर्क कर योजना का पूरा लाभ लें।

### नशामुक्त समाज का आह्वान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने नशे के दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशा समाज को पतन की ओर ले जाता है। समाज को नशामुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंत्री श्री पटेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि आज देश के गरीब और सामान्य परिवारों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। अब शायद ही कोई ऐसी रोजमर्रा की जरूरत बची हो, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न पहुँच रही हो।



## महिलाओं ने भेंट किया आजीविका शहद



प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को चांवरपाठा जनपद के ग्राम बोहानी एवं जनपद गोटेगांव के ग्राम करेली कलां की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने अपने श्रम और आत्मनिर्भरता का प्रतीक आजीविका शहद भेंट किया। उल्लेखनीय है कि स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने और महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में नवंबर 2025 में जिले में मधुमक्खी पालन गतिविधि की शुरुआत की गई थी। यह पहल की सीएसआर मद की राशि से दो क्लस्टरों के माध्यम से प्रारंभ की गई। नियमित प्रशिक्षण, बेहतर प्रबंधन और समूह की महिलाओं की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप मात्र दो माह की अवधि में दोनों क्लस्टरों से लगभग 8 क्विंटल शहद का उत्पादन किया जा चुका है। उत्पादित शहद का विक्रय स्थानीय बाजारों के साथ-साथ बड़े शहरों में भी किया जा रहा है। इसके अलावा शहद को ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे महिलाओं की आय में और वृद्धि की संभावना है। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वसहायता समूहों द्वारा किया जा रहा मधुमक्खी पालन महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसी गतिविधियां न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं, बल्कि महिलाओं को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका भी प्रदान कर रही हैं।

खबर संक्षेप

## रासेयो शिविर के द्वितीय दिवस निकाली जनजागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम तिंदनी (धुबघट गौंड़ी) में सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरान्त रासेयो परम्परा अनुसार ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया तत्पश्चात योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार की कक्षाएं आयोजित की गई। शिविर कार्य योजना अंतर्गत स्वयंसेवकों को मार्च पास्ट एवं ड्रिल के गुण सिखाए गए। रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा जनजागरूकता रैली का आयोजन कैंप एरिया से ग्राम के मुख्य मार्गों पर जन जागरूकता नारों के साथ किया गया। सहायक प्राध्यापक विजेता शर्मा के निर्देशन में नशा उन्मूलन एवं सामाजिक समरसता विषयों पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की गणमान्य नागरिक श्रीमती अनीता बाई, श्रीमती संगीता चैधरी, श्रीमती राजकुमारी अहिरवार, श्रीमती फूलवती चैधरी, सुश्री निशा चैधरी द्वारा सार्थक विचार व्यक्त किए गए। शासन द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं जैसे - बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, साक्षरता, शिक्षा का महत्व, मतदाता जागरूकता आदि विषयों पर ग्राम में जनसम्पर्क अभियान किया गया। समग्र स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कैम्प एरिया की साफ-सफाई उपरान्त स्वयंसेवकों ने शिविर में सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया है। शिविर संचालन में नियुक्त रासेयो महिला इकाई प्रभारी श्रीमती आराधना दुबे, पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र प्रकाश गुप्ता, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश पटेल, ग्रामीण गणमान्यजन, शिविर के स्वयंसेवक तथा प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## कलेक्टर ने किया चिनकी- बोरास- बैराज सिंचाई परियोजना का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने चिनकी- बोरास- बैराज सिंचाई परियोजना का निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि परियोजना पूर्ण होने के उपरांत स्थल पर आवश्यक विकासात्मक एवं पर्यटक सुविधाओं से संबंधित कार्य सुनिश्चित किए जाएं, ताकि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल सके। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि परियोजना का लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी का भी अवलोकन किया तथा कंक्रीट निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया। उनके समक्ष कंक्रीट की मजबूती की जांच की गई, जो संतोषजनक पाई गई।

## सामूहिक जवारा समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। चैत्र नवरात्र के पर विगत 28 वर्षों से आयोजित होने वाला जिले के ऐतिहासिक सामूहिक जवारों की स्थापना की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करने हेतु सदर मढ़िया प्रागंड में सामूहिक जवारा समिति की साधारण बैठक समिति के अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में 1 फरवरी को होगी। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण एवं सभी धर्मप्रेमी जनता से विशेष आग्रह है कि बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहें।

## बरहटा स्कूल में आयोजित हुआ कैरियर मेला एवं काउंसिल कार्यक्रम’



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस लोकशिक्षण संचालनालय, म. प्र. भोपाल के आदेशानुसार प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में पांच दिवसीय कैरियर मेले एवं काउंसलिंग का आज समापन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी उच्च माध्यमिक शिक्षक तरुवर पटेल के नेतृत्व में हुआ। मेले का उद्घाटन सुनील दीक्षित ने किया। मेले के प्रथम दिवस गनी मोहम्मद बहना एवं भागचंद झरिया ने कैरियर मेले एवं कैरियर काउंसलिंग का परिचय ,शैक्षणिक संकायों एवं स्थानीय उद्योगों व संसाधनों की जानकारी दी। द्वितीय दिवस शायना उस्मानी एवं राजेश संगीतिय ने कौशल एवं व्यावसायिक विकल्पों, कौशल के प्रति जागरूकता, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की सूचना विद्यार्थियों को दी।डॉ नंदकिशोर महलवार ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। तृतीय दिवस पुष्पेंद्र पुशाम एवं फिरोज खान ने शासकीय सेवाओं पीएससी, यूपीएससी, सीए एवं उच्च शिक्षा बीएससी, एमएससी आदि कोर्स की जानकारी दी। इस दौरान कैरियर गाइडेंस मेले का जिला स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण भी किया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। मेले के चतुर्थ दिवस आई टी शिक्षिका भावना मिश्रा एवं फिरोज खान के द्वारा यू ट्यूब पर यूनिसेफ के द्वारा आयोजित वेबिनार विद्यार्थियों को दिखाया गया। पंचम दिवस विद्यार्थियों से भविष्य मांग वाले कैरियर विषयों पर चर्चा की गई, विद्यार्थियों के प्रश्नों का निदान तथा उनसे मौखिक फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम का समापन प्रभारी शिक्षक तरुवर पटेल ने पांचों दिवस की गतिविधियों में भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालई शिक्षकों, विषय विषेशज्ञों, अतिथियों , निरीक्षण अधिकारियों, उद्यमी एवं विद्यार्थियों को आभार देके किया। पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों शंकर राजभर, आकाश रंगारे, स्वप्नेश अड़कने, जेपी कोरी, अमित कहार गणेश अहिरवार एवं समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# नाबालिग छात्रा से दरिंदगी करने वाले 7 दरिंदे गिरफ्तार



गोटेगांव। समीप मुंगवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत मानवता को कलंकित करने वाली एक जघन्य वारदात सामने आई है। बकौरी गांव के पास स्थित मांझा नाला क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस संवेदनशील मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल सभी सात आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता अपने एक परिचित युवक के साथ साईं मंदिर क्षेत्र के पास गई थी, तभी आरोपियों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोपी पीड़िता को वाहन पर बैठाकर मांझा नाला से करीब 2 किलोमीटर दूर जंगल की ओर ले गए, जहाँ किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद आरोपी पीड़िता को डराते-धमकाते रहे, जिससे सहमी हुई छात्रा तुरंत शिकायत दर्ज नहीं करा सकी। परिजनों को आपबीती पता चलने के बाद 29 जनवरी को मुंगवानी थाने में मामला दर्ज कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने तत्काल विशेष जांच टीमों का गठन किया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्परता दिखाई और महज कुछ ही समय में सभी 7 आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। पकड़े गए सभी आरोपियों को देर शाम न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब डिजिटल साक्ष्यों और तकनीकी पहलुओं की गहन जांच कर रही है ताकि अपराधियों को कठोरतम सजा दिलाई जा सके। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भारी आक्रोश है और स्थानीय लोग दोषियों को फांसी जैसी कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## स्वदेशी मेले के विस्थापन की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्टेडियम ग्राउंड में प्रस्तावित मेले को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर एन एस यू आई ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्टेडियम ग्राउंड में प्रस्तावित स्वदेशी मेले के आयोजन हेतु गड्ढे खोदे जा रहे हैं। जिले में स्वदेशी मेले के आयोजन का स्वागत है, किंतु इसके लिए स्थान का चयन अत्यंत संवेदनशील विषय है। स्टेडियम ग्राउंड नगर का ऐतिहासिक एवं एकमात्र प्रमुख खेल मैदान है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों खिलाड़ी, छात्र एवं युवा खेल अभ्यास तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक दक्षता की तैयारी करते हैं। साथ ही यह मैदान शहरवासियों के नियमित भ्रमण एवं व्यायाम का प्रमुख केंद्र है। एन एस यू आई जिला अध्यक्ष ईशान राय, अंकुर बटरी, अतुल चैरसिया ने कहा कि जनहित, युवाओं के भविष्य एवं इस ऐतिहासिक खेल स्थल की गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मेले के आयोजन हेत किसी अन्य उपयुक्तस्थान को स्वीकृति प्रदान करने की जाए। ज्ञापन देते समय अस्सू नेमा, अजय मालवीय , अजय दुबे, अमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## महिला मंडल द्वारा सुहागलें आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्वर्णकार महा संगठन महिला मंडल के द्वारा सुहागलो का कार्यक्रम नगर अध्यक्ष कीर्ति विनोद सोनी की अध्यक्षता में श्री देव रामानंद सेवा सदन में सम्पन्न हुआ। सामाजिक एकता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया।

## सड़कों पर बैंकों की पार्किंग, राहगीरों की जान जोखिम में



गोटेगांव। नगर के हृदय स्थल में स्थित बैंकों के सामने व्यवस्थित पार्किंग न होने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विशेष रूप से स्टेट बैंक और यूनियन बैंक के सामने सड़क पर बेतरतीब खड़ी गाड़ियाँ सुचारू आवागमन में बड़ी बाधा बन रही हैं। बैंक आने वाले ग्राहकों के वाहन मुख्य मार्ग के एक बड़े हिस्से को घेर लेते हैं, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अव्यवस्था के कारण प्रतिदिन राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। नगर के अन्य बैंकों के सामने भी कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बैंकों के पास अपना पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं है, जिसके चलते सारा दबाव सार्वजनिक सडक पर आ जाता है। नागरिकों ने नगर प्रशासन और संबंधित बैंक प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुव्यवस्थित पार्किंग होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि संभावित सड़क हादसों पर भी लगाम लग सकेगी।

# तेजस्वी अभियान के मेला प्रदर्शनी





### 39 टीमों ने लिया भाग

तेंदूखेड़ा। छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा नवमी से ग्यारहवीं तक के छात्र छात्राओं को आवश्यक जानकारियां प्रदान की जा रही है। जिसके माध्यम से बच्चे आत्मनिर्भर बनें और स्वरोजगार के माध्यम से ना केवल अपनी जीविकोपार्जन कर सकें बल्कि एक अच्छे उद्यमी भी बन सकें।इस अभियान के तहत विगत दिवस शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं ने एक मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने अपनी अलग-अलग 39 टोलियां बनाकर घरों से निकलने वाली पुरानी उपयोगहीन सामग्री जो एक बार उपयोग करने के बाद अलग करकी जाती है । घर या ऑफिसकी विभिन्न सजावटी सामग्री अपने आसपास की प्राकृतिक सामग्री जैसे मीठी नीम कड़बीनीम ऐलोवीरा तुलसी गुलाब फूल मैथी प्याज इत्यादि का उपयोग कर हर्बल हेयर स्प्रे से लेकर हर्बल फेश वाश हर्बल हेयर इत्र गुलाबजल नीम सावून कपड़े धोने का साबुन निर्माण कर मेले में उनका विक्रय किया। और इस मेले के माध्यम से यह सीखा कि सार्वजनिक मार्केट में बेचकर कैसे धन अर्जित का किया जा सकता है। इस मौके पर शिक्षा समिति की श्रीमती सरला अग्रवाल तेजस्वी कार्यक्रम के जिला प्रभारी अभिनव गर्ग.शासकीय विद्यालय के प्राचार्य जगदीश साहू एवं कन्या विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस मेला का सफल आयोजन संस्था में वेजस्वी प्रभारी प्रवेश पटेल के के उईके श्रीमती गीता साहू नीतू पटेल का सराहनीय योगदान रहा।